06-03-2021

एशियाई विकास आउटलुक 2021

प्रश्न – निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –

1. इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में इस समय कोविड-19 की दूसरी लहर चल रही है, जो भारत के आर्थिक सुधारों को 'जोखिम' में डाल सकती है।
2. इस रिपोर्ट में वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए भारत के सकल घरेलू में 11 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि का अनुमान भी लगाया गया है।
3. एशियाई विकास आउटलुक को एशियाई विकास बैंक के द्वारा प्रत्येक वर्ष जारी किया जाता है।

उपरोक्त में से कौन-से/सा कथन सत्य है –

(A) 1 और 2 (B) 2 और 3
(C) 1 और 3 (D) उपरोक्त सभी

उत्तर – (D) उपरोक्त सभी

भूमिका – हाल ही में एशियाई विकास बैंक ने एशियाई विकास आलटलुक-2021 रिपोर्ट जारी किया है।

परीक्षा उपयोगी बिंदु –

- इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में इस समय कोविड-19 की दूसरी लहर चल रही है, जो भारत के आर्थिक सुधारों को 'जोखिम' में डाल सकती है।
- इस रिपोर्ट में वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए भारत के सकल घरेलू में 11 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि का अनुमान भी लगाया गया है।
- एशियाई विकास आउटलुक-2021 रिपोर्ट के मुताबिक सार्वजनिक निवेश, टीकाकरण और घरेलू मांग में वृद्धि के कारण भारत में आर्थिक सुधार जारी रहेंगे। जिसके चलते वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिये भारत की जीडीपी में 7 प्रतिशत की वृद्धि दर का ही अनुमान लगाया गया है।
- एशियाई विकास आउटलुक-2021 रिपोर्ट में एशिया महाद्वीप के संदर्भ में कहा गया है कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में विकासशील एशिया की आर्थिक वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत के आसपास रहेगी। उल्लेखनीय है कि पिछले साल यह दर 0.2 प्रतिशत रही थी।
- रिपोर्ट के मुताबिक कोविड-19 महामारी से वैश्विक रिकवरी और इस महामारी के टीकाकरण अभियान की सशक्त शुरूआत का लाभ एशियाई देशों की अर्थव्यवसथाओं को भी मिलेगा।
- एशियाई विकास आउटलुक को एशियाई विकास बैंक के द्वारा प्रत्येक वर्ष जारी किया जाता है।
- यह रिपोर्ट एशियाई विकास बैंक द्वारा अपने विकासशील सदस्य देशों के लिए जारी की जाती है।

विश्व अस्थमा दिवस

प्रश्न – निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –

1. प्रतिवर्ष 05 मई को विश्व अस्थमा दिवस मनाया जाता है।
2. इस दिवस को मनाने की शुरूआत वर्ष 1998 में हुई थी।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

3. विश्व अस्थमा दिवस को ग्लोबल इनिशिएटिव फॉर अस्थमा द्वारा प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है।

उपरोक्त में से कौन-से/सा कथन सत्य है -

(A) 1 और 2 (B) 2 और 3
(C) 1 और 3 (D) उपरोक्त सभी

उत्तर - (D) उपरोक्त सभी

भूमिका - हाल ही में 05 मई को विश्व अस्थमा दिवस 2021 को मनाया गया है।

परीक्षा उपयोगी बिंदु -

- विश्व अस्थमा दिवस को ग्लोबल इनिशिएटिव फॉर अस्थमा द्वारा प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है।
- विश्व अस्थमा दिवस को विश्व भर में अस्थमा के प्रति जागरूकता फैलाने और इस बीमारी के देखभाल में सुधार हेतु मनाया जाता है।
- इस दिवस को मनाने की शुरूआत वर्ष 1998 में हुई थी।
- वर्ष 2021 के विश्व अस्थमा, वैश्विक स्तर पर एक चिकित्सा से संबंधित संगठन है।
- ग्लोबल इनिशिएटिव फॉर अस्थमा की स्थापना वर्ष 1993 में की गई थी।

इंटरनेशनल डे ऑफ द मिडवाइफ

प्रश्न - निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -

1. प्रतिवर्ष 05 मई को इंटरनेशनल डे ऑफ द मिडवाइफ मनाया जाता है।
2. इस दिवस की शुरूआत वर्ष 1992 में की गई थी।
3. इस वर्ष की थीम ''फॉलो द डेटा : इन्वेस्ट इन मिडवाइफ'' रखा गया।

उपरोक्त में से कौन-से/सा कथन सत्य है -

(A) 1 और 2 (B) 2 और 3
(C) 1 और 3 (D) उपरोक्त सभी

उत्तर - (D) उपरोक्त सभी

भूमिका - वर्ष 1992 के बाद प्रतिवर्ष 5 मई को इंटरनेशनल डे ऑफ द मिडवाइफ मनाया जाता है।

परीक्षा उपयोगी बिंदु -

- यह दिन मिडवाइफ के काम को समर्पित है और माताओं एवं उनके नवजात शिशुओं को प्रदान की जाने वाली आवश्यक देखभाल के लिये मिडवाइफ की स्थिति के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है।
- इंटरनेशनल डे ऑफ द मिडवाइफ-2021 के लिए थीम ''फॉलो द डेटा : इन्वेस्ट इन मिडवाइफ'' रखा गया है।
- इस दिवस का विचार मिडवाइफ को पहचानने और उन्हें सम्मानित करनें के लिए 1987 में नीदरलैंड में मिडवाइफ सम्मेलन के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में किया गया।
- इंटरनेशनल मिडवाइफ डे पहली बार 5 मई 1991 को मनाया गया था, और दुनिया भर के 50 से अधिक देशों में मनाया जाता है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS